

## एक नजर

### सांसद ने नगर मंडल इटारसी की संगठनात्मक बैठक ली

**नर्मदापुरम/इटारसी** राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया ने इटारसी नगर मंडल एवं ग्रामीण मण्डल के ग्राम साकेत में संगठनात्मक मजबूती को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक ग्राम साकेत में शक्ति केन्द्र क्रमांक 1 बूथ क्रमांक 18 एवं नगर मंडल इटारसी के शक्ति केंद्र-02 व 04 के वार्ड क्रमांक 15, 19, 20 एवं 21 अंतर्गत बूथ क्रमांक 206 से 214 तक आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सांसद श्रीमती नारोलिया ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त करने, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तथा जनसंपर्क को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बूथ मजबूत होगा तो संगठन स्वत: मजबूत होगा और सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेंगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री पंकज चौरे, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष श्री गोकुल पटेल मंडल अध्यक्ष श्री राहुल चौरे, भाजपा सह-कोषाध्यक्ष नर्मदापुरम श्री दीपक अठोत्रा, सरपंच श्रीमती मृदुलता पटेल, शक्ति केंद्र संयोजक गौरव बड़कुर, सहसंयोजक श्री आशीष मालवीय, ग्रामीण मण्डल महामंत्री श्री हिमाचल सिंह ग्रामीण मंडल मंत्री श्री कुलदीप पटेल विधायक प्रतिनिधि श्री घनश्याम पटेल मंडल महामंत्री श्री सौरभ मेहरा, मंडल उपाध्यक्ष श्री गोपाल शर्मा बैठक में बूथ अध्यक्ष श्री चिमन पटेल, श्री नरेन्द्र सिंह मालवीय, श्री सतीश पटेल, श्री ऋषभ चौहान, श्री श्रयांश तिवारी, श्री अरविन्द चोरे, श्री गोविंद चौरे, पार्षद श्री कुंदन गौर, पूर्व पार्षद श्रीमती रेखा मालवीय, श्री अशोक मालवीय, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की।

# चार हजार करोड़ से खुलेंगे विकास के द्वार-विजयपाल

## नर्मदापुरम, पिपरिया, बनखेड़ी के लिये फोरलेन की स्वीकृति, किसानों को मिलेगी तवा पर नये पुल की सौगात

पहली बार ऐसा हुआ है कि जब प्रदेश के मुखिया ने हमारी सभी मांगों को तत्काल स्वीकृति दे दी है. जिसमें प्रमुख रूप से फोर लाईन बनाये जाने की स्वीकृति भी तत्काल मिल गई है.



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 19 जनवरी** सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के मैं और मेरी विधानसभा के सभी नागरिकों ने मुख्यमंत्री मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने हमारे क्षेत्र में लगभग 4000 करोड की योजनाओं की स्वीकृति दी है. जो आने वाले समय में विधानसभा के अलावा नर्मदापुरम, पिपरिया एवं अन्य क्षेत्र को भी जोडकर विकास के द्वार खोलेगी. उक्त बात सोहागपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक विजयपाल सिंह ठाकुर ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. उन्होंने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है कि जब प्रदेश के मुखिया ने हमारी सभी मांगों को तत्काल स्वीकृति दे दी है. जिसमें प्रमुख रूप से फोर लाईन बनाये जाने की स्वीकृति भी तत्काल मिल गई है. इसकी एसएफसी जिसमें नर्मदापुरम से पिपरिया, हथवांस और बनखेडी मार्ग के फोर लेन हेतु 2100 करोड की स्वीकृति प्रदान हुई है. ग्राम मरोडा से रजौन माखननगर पर तवा पुल का निर्माण कराना अत्यंत ही जरूरी था जिससे कि लगभग सौ गांव के लोग जुडेंगे और इसके साथ ही इटारसी जाने के लिये किसानों को मंडी आने जाने में लगभग 40 किलोमीटर दूरी बचेगी. माखननगर में स्टेडियम तालाब एवं पार्क के नाम पर 20 करोड रूपये की स्वीकृति मिली. इसके अलावा अनेक विधानसभा क्षेत्र में होने वाले विकास का यों को भी मुख्यमंत्री मोहन यादव जी ने 16 जनवरी को मंच से ही स्वीकृति प्रदान की है. जिससे विकास के अनेक द्वार खुलेंगे. ठाकुर विजयपाल सिंह ने आगे बताया कि विधानसभा के अलावा जिले को भी अनेक योजनाओं मे जुडने का मौका मिलेगा. जिससे कि विकास को गति मिलेगी.

### प्रकरण न्यायालय में पेश

**हरदा** लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान मतदान दिवस के दिन पूर्व मंत्री कमल पटेल द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किए जाने हेतु हरदा थाने में दर्ज हुए प्रकरण क्रं 307/2024 के संबध में पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी हरदा विधायक द्वारा विधानसभा सदन में मांगी गई थी। जिस पर गृह विभाग द्वारा प्रकरण अंतर्गत पूर्व मंत्री कमल पटेल, कन्हैयालाल कुशवाह, मोहम्मद जफर अंसारी, भारत पटनेरे पर अपराध पंजीबद्ध किया.

## विद्यार्थियों ने भ्रमण कर लोक संस्कृति की ली जानकारी

पिनेकल एकेडमी द्वारा आयोजित एक दिवसीय स्कूल ट्रिप द्वारा विद्यार्थियों ने लोक संस्कृति की ली जानकारी.

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 19 जनवरी** पिनेकल एकेडमी के विद्यार्थियों को एक दिवसीय यात्रा के द्वारा भारत की लोक संस्कृति,व्यवहार,लघु व्यवसाय की जानकारी दी गई ।संस्था के संचालक अब्दुल सईद खान ने बताया कि विद्यालय के 150 विद्यार्थियों को इंदौर की चौकी ढाणी ले जाकर पंजाब,राजस्थान के लोक संस्कृति की जानकारी दी गई ।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने एडवेंचर गेम्स,सामूहिक नृत्य का लुत्फ उठाया ।इस दौरान बच्चों ने मिट्टी के बर्तन बनाना सीखे,वहीं कठपुतली नृत्य,भूल भुलैया, जंगल वॉक ,शूटिंग सहित पारंपरिक गेम का आनंद भी लिया ।इसके पहले बच्चों ने गणेश मंदिर,शंकर मंदिर में पहुंचकर दर्शन लाभ भी लिया ।पिनेकल एकेडमी की संचालक सुल्ताना खान ने कहा कि संस्था द्वारा पाठ्येत्तर गतिविधि के अंतर्गत यह यात्रा विद्यार्थियों में देश एवं संस्कृति की जानकारी के उद्देश्य से की गई ।जिसका लाभ बच्चों को मिलेगा ।यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने कन्नौद स्थित सेंट जेरॉम्स इंग्लिश मीडियम स्कूल का भ्रमण किया। सेंट जेरॉम्स के संचालक संजय शर्मा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निर्मला देवी काबरा का निधन

**खिरकिया ।** घी वाले काबरा जी के नाम से विख्यात बेकूँठवासी श्री राधेश्याम जी काबरा की धर्मपत्नी एवं कमलनयन, रंगनाथ, लक्ष्मीनिवास काबरा की माताजी श्रीमती निर्मला देवी काबरा का 79 वर्ष की आयु मे निधन जलगांव में हो गया हैं। वे विगत कुछ माह से अस्वस्थ थी।



## मेहरागांव नदी पर नजूल की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण को तोड़ने की मांग

प्रशासन से अतिक्रमण तो हटते नहीं हैं परंतु अतिक्रमण करते वक्त अपनी आंख बंद कर लेता है। अब देखना है कि विहिप द्वारा आंखें खोलने के बाद प्रशासन क्या कार्यवाही करता है.

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 19 जनवरी** मेहरागांव नदी के ऊपर अनाधिकृत रूप से नजूल की भूमि पर कब्जा कर मजार हेतु पक्का निर्माण कार्य रोकने के लिए एसडीएम को ज्ञापन सौंपा.

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के पदाधिकारियों को सूचना मिली कि मेहरागांव नदी के ऊपर पुल के बाजू में मुस्लिमों के द्वारा हरा झंडा लगाकर नजूल की भूमि पर अवैध रूप से पक्का निर्माण कार्य चल रहा है। पता करने पर ज्ञात हुआ कि ग्वालबाबा की मजार को विस्थापित कर वहां पर ले जा रहे हैं। इस सम्बन्ध में एसडीएम महोदय से दूरभाष पर चर्चा करने पर उन्होंने इस विषय में अनभिज्ञता जताई और दिखवा लेने का आश्वासन दिया।

तत्पश्चात विश्व हिंदू परिषद जिला मंत्री चेतन सिंह राजपूत एवं जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनुरुद्ध चंसौरिया ने कार्यालय पहुंचकर अनुविभागीय दंडाधिकारी नीलेश शर्मा जी को ज्ञापन सौंपकर त्वरित कार्यवाही करने हेतु निवेदन किया और मजार को अतिक्रमण से हटाकर पुन: सरकारी भूमि पर विस्थापित कर अतिक्रमण रोकने को कहा. ज्ञात हो कि प्रशासन से अतिक्रमण तो हटते नहीं हैं परंतु अतिक्रमण करते वक्त अपनी आंख बंद कर लेता है। अब देखना है कि विहिप द्वारा आंखे खोलने के बाद प्रशासन क्या कार्यवाही करता है.

## श्री शंभू दरबार में रामकथा समापन के साथ हुआ भंडारा

**नवभारत न्यूज**

**सोहागपुर, 19 जनवरी** श्री शम्भू दरबार पलाश परिसर में चल रही सात दिवसीय राम कथा का समापन सोमवार को महा आरती एवं विशाल भंडारे के साथ हुआ। कथा का वाचन अनंतश्री विभूषित हनुमत द्वार पीठाधीश्वर जगदगुरू रामानंदाचार्य स्वामी श्री धीरेन्द्राचार्य जी महाराज चित्रकूट धाम द्वारा किया गया। समापन दिवस की कथा राम जी के राज्य अभिषेक के साथ पूर्ण हुई। सात दिवसीय कथा में डॉ प्रज्ञा भारती जी मांगरोल, महेन्द्रानंद जी महाराज, आचार्य अविनाश मिश्रा जी नर्मदापुरम,बालक दास जी निवावर, श्री हरि शरणम् जी पिपरिया , मानस भवन भोपाल से डॉ देवेंद्र रावत, पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा होशंगाबाद, पूर्व विधायक पिपरिया हरि जायसवाल, आदि अतिथियों का आगमन हुआ ।साथ ही विधायक ठाकुर विजयपाल सिंह, जनपद अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष लता यशवंत पटेल आदि जनप्रतिनिधि, समाजसेवी कन्नूलाल अग्रवाल, संतोष मालवीय, लक्ष्मीनारायण सोनी, पुष्पराज पटेल आदि गणमान्य नागरिक भी सम्मिलित हुए।

## स्कूली बच्चों को सर्दी से बचने स्वेटर किए वितरित

माध्यमिक शाला टांगना में 100 से अधिक बच्चों को सांवरिया एग्रो मिल लिमिटेड द्वारा बांटे कपड़े.



**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 19 जनवरी** अशोक अग्रवाल एवं नवनीत कोहली, सांवरिया एग्रो मिल लिमिटेड इटारसी द्वारा जन शिक्षा केंद्र सेमरीखुर्द के अंतर्गत आने वाली शाला शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला टांगना में 100 से अधिक बच्चों को सर्दी से बचने के लिए स्वेटर वितरित किए गए, इस अवसर पर शाला प्रभारी, श्रीमती यनेद्री सिंह,शाला का स्टॉफ श्रीमति सैयद शहनाज बानो, सुरेश उदयपूरे, श्री विजय मालवीय, उपदेश यादव एवं श्री ओमप्रकाश यादव,एवं जन शिक्षक जगत सिंह गौर व मुकेश सेन तथा छात्र उपस्थित रहे. शाला प्रभारी श्री मति यनेद्री सिंह एवं समस्त स्टॉफ,जन शिक्षक जगत सिंह गौर और मुकेश सेन,तथा विकास खंड स्रोत समन्वयक प्रभारी श्री मति रत्ना सोनिया, सभी ने स्वेटर वितरण करने पर सांवरिया एग्रो मिल लिमिटेड इटारसी की इस शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए समाजसेवा की इस प्रेरणा दायक पहल की सराहना की,एवं उनका आभार व्यक्त किया,

### मां नर्मदा प्रकटोत्सव की समस्त तैयारी निर्धारित समय में पूरी करें- कलेक्टर

**नर्मदापुरम** कलेक्टर ने सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक में नर्मदा प्रकटोत्सव, चौरागढ़ मेला, तिलक सिंदूर मेला, गणतंत्र दिवस की तैयारियां, संकल्प से समाधान अभियान, धान उपार्जन, आनंद उत्सव, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समय-सीमा प्रकरण, न्यायालयीन मामलों तथा मुख्य सचिव समीक्षा वीसी के बिंदुओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि नर्मदा प्रकटोत्सव की सभी तैयारियां समय-पूर्व पूर्ण की जाएं। जल मंच का सौंदर्यकरण, साफ-सफाई, सर्किट हाउस घाट की मरम्मत एवं कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाए।

### अरविंद बने विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष

**सोहागपुर।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की जिला बैठक सेमरी हरचंद में संपन्न हुई ।बैठक में विभाग के पालक अधिकारी प्रांत सह मंत्री जितेंद्र सिंह चौहान, विभाग सहमंत्री राजेंद्र सिंह राजपूत, उमेश पाराशर, श्रीकांत पटेल, जिला मंत्री महेंद्र साहू, रोहित ठाकुर, रूपेश रघुवंशी एवं सभी प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे.

## जिले का पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 से

कलेक्टर ने ली समिति की महत्वपूर्ण बैठक

**नवभारत न्यूज**

**हरदा, 19 जनवरी** जिले के लिए गर्व का विषय बनते हुए आगामी 24 जनवरी को जिले का पहला इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट हरदा जिला शतरंज संगठन के तत्वावधान में इंटरनेशनल स्टैंडर्ड के अनुरूप संपन्न होगा, जिसमें देश-प्रदेश सहित विभिन्न स्थानों के ख्यातिप्राप्त और रेटेड खिलाड़ी अपने खेल का जौहर दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट की तिथि शतरंज फेडरेशन द्वारा 24 जनवरी शनिवार निर्धारित की गई है। संगठन के संरक्षक कलेक्टर श्री सिद्धार्थ जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आयोजन क्षेत्र की उभरती प्रतिभाओं के लिए एक सुनहरा अवसर होगा, जहां खिलाड़ी अपने ही जिले में अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकेंगे। श्री जैन ने समिति के सदस्यों से अभी तक चल रही गतिविधियों पर जानकारी ली । साथ ही विभिन्न दायित्वों का निर्धारण किया गया। विभिन्न व्यवस्थाओं पर प्रभावी नियुक्त की बात कही। मीडिया प्रभारी रोहित तिवारी ने बताया कि यह इंटरनेशनल चेस टूर्नामेंट 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बालिकाओं को समर्पित रहेगा। इसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए जिले एवं आसपास के विद्यालयों और महाविद्यालयों से संपर्क कर उन्हें प्रेरित किया जाएगा। जिला शतरंज संगठन के सचिव पी सी पोर्ते ने बताया कि साथ ही खिलाड़ियों के खेल स्तर को बेहतर बनाने हेतु पूर्व में प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही वालेंटियर्स को भी ट्रेनिंग भी दी जायेगी ।टूर्नामेंट में कुल ?1,51,000 की प्राइज मनी विभिन्न कैटेगरी में प्रदान की जाएगी। साथ ही 80 से अधिक पुरूस्कार रहेंगे।

### स्व .नरेन्द्रसिंह पटेल की प्रतिमा का अनावरण

**पिपरिया** गुर्जर भवन में स्व.नरेन्द्रसिंह पटेल मंझले साहब गलचा की प्रतिमा का अनावरण सांसद सहित सामाजिक पदाधिकारी सदस्यों व बुजुर्गो की उपस्थिति में हुआ ।गुर्जर समाज में हमेशा सेवाभावना से कार्य करने वाले हर समय समाज के व्यक्ति के लिये तत्पर स्व.नरेन्द्रसिंह पटेल गलचा का 2 जनवरी 25 को निधन हुआ। गुर्जर समाज में स्व.नरेन्द्रसिंह पटेल गुर्जर गौरव एवं प्रेरणास्तंभ माने गये समाज को विकसित बनाने का पवित्र लक्ष्य,उच्चशिक्षा सामाजिक एकता एवं निस्वार्थ सेवा से ही प्राप्त किया जा सकता है यह उनका हमेशा उद्देश्य रहा।



## रेलवे संचालन के लिये खतरा बनते जा रहा चाइनीज मांझा

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 19 जनवरी** इटारसी शहर और आसपास के इलाकों में बढ़ती पतंगबाजी अब रेलवे संचालन के लिए भी खतरा बनती जा रही है। सोमवार सुबह 9 बजे ट्रेन 11463 जबलपुर-वेरावल एक्सप्रेस के इंजन के पैंटोग्राफ में चाइनीस मांझा फंस गया। इससे कुछ देर के लिए स्थिति गंभीर बन गई। यह ट्रेन अपने निर्धारित समय से 20 मिनट पहले इटारसी रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 3 पर पहुंची थी, लेकिन मांझा फंसे होने के कारण इसे 8 मिनट की देरी से रवाना किया गया। रेलवे कर्मचारियों ने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए इंजन की जांच की और पैंटोग्राफ में फंसे चाइनीस मांझे को सुरक्षित तरीके से निकाला। इस पूरी घटना का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कर्मचारियों को इंजन से मांझा हटाते हुए देखा जा सकता है। यदि समय रहते मांझा नहीं निकाला जाता, तो एक बड़ा तकनीकी हादसा हो सकता था।

**चाइनीस मांझा से जान जाने का खतरा भी बना रहता**

चाइनीस मांझा शहर में आम लोगों की जान पर भी भारी पड़ रहा है। आए दिन दोपहिया वाहन चालकों के गले में मांझा फंसने की घटनाएं सामने आ रही हैं। 14 फरवरी को शुभम शर्मा से पढ़ाई के लिए पुरानी इटारसी जा रहा था, तभी आजाद पंजा चौराहे के पास उसके गले में चाइनीस मांझा फंस गया। गंभीर रूप से घायल शुभम के गले में छह टांके आए थे।

### रेलवे बाउंड्री के पास पतंगबाजी न करने की अपील

रेलवे प्रशासन ने पहले ही आम लोगों से अपील की थी कि वे रेलवे बाउंड्री के पास पतंगबाजी न करें। ऐसा करने से ट्रेनों की बिजली लाइन और इंजन को नुकसान पहुंच सकता है। हालांकि, शहर और आसपास के क्षेत्रों में खुलेआम पतंग उड़ाई जा रही है।

## आनंद उत्सव के तहत खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित हुई

**नवभारत न्यूज**

**बनखेडी, 19 जनवरी** शासन के निर्देशानुसार प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्यालय नगर परिषद बनखेड़ी द्वारा आनंद उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 01 चिल्लोद स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बालक-बालिकाओं के लिए खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के लिए चम्मच दौड़, कुर्सी दौड़, बोरा दौड़ सहित विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन स्थल पर बच्चों में विशेष उत्साह और आनंद का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष श्री हरिश मालानी, उपाध्यक्ष श्री राजू पटेल, ग्राम की बुजुर्ग महिलाएं, वृद्धजन, बच्चे, नगर परिषद के कर्मचारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री निशांत श्रीवास्तव, विद्यालय का स्टाफ एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में खेल भावना विकसित करना एवं सामूहिक सहभागिता के माध्यम से आनंद उत्सव को सफल बनाना रहा।

### नि :शुल्क नेत्र शिविर 21 जनवरी को

**पिपरिया** 21जनवरी बुधवार को निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन कल्चुरी सेवा मंडल पिपरिया द्वारा कल्चुरी कलार समाज भवन सिलारी में चिरायु मेडिकल कॉलेज बैरागढ़ भोपाल के सहयोग से एक विशाल निःशुल्क कृत्रिम लैंस प्रत्यारोपण नेत्र शिविर का आयोजन 11बजे से दोपहर 2बजे तक किया जा रहा। निःशुल्क नेत्र शिविर आयोजनके संबंध में अधिक जानकारी देते हुए सिविल हॉस्पिटल पिपरिया के वरिष्ठ नेत्र रोग एवं चिकित्सा सहायक श्याम सोडाणी द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवी संस्थाओं के माध्यम से शिविर का आयोजन किया जाता है इस शिविर में आने वाले मरीजों के लिए सभी तरह की व्यवस्थाएं जैसे जांच दवाइयां लेंस काला चश्मा परिवहन भोजन पूर्णतया नि :शुल्क रहेगा कल्चुरी सेवा मंडल के वरिष्ठ सदस्य प्रदीप राय द्वारा सभी नेत्र रोगियों से निवेदन किया गया है कि अधिक से अधिक संख्या में आकर नेत्र रोगी इस शिविर का लाभ उठाएं मरीज अपने साथ आयुष्मान कार्ड या आधार कार्ड एवं परिवार के किसी सदस्य का मोबाइल नंबर जरूर लेकर आए।

## पटेल सेवा समिति के 26वें स्थापना वर्ष को भव्यता के साथ मनाया




समाज के 30 वरिष्ठ नागरिकों और 30 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मंच पर विशेष रूप से सम्मान किया गया।

**नवभारत न्यूज**

**इटारसी, 19 जनवरी** शहर के सात्विक रिसॉर्ट में रविवार को पटेल समाज सेवा समिति का 26वॉ स्थापना दिवस भव्यता के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाज के राष्ट्रीय महासचिव जीएल पटेल एवं अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। उन्होंने समाज की स्मारिका का विमोचन किया। सामाजिक समन्वय के लिए आयोजित इस सम्मेलन में 56 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिन्हें प्रमाण-पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया। शैक्षणिक वर्ष 2025-26 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 65 मेधावी छात्रों और उच्च शिक्षा हेतु चयनित 10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। साथ ही 22 खिलाडियों को पदक प्रदान किए गए। समाज के 30 वरिष्ठ नागरिकों और 30 सेवानिवृत्त कर्मचारियों का मंच पर विशेष सम्मान किया गया। समारोह की अध्यक्षता अरविंद यादव ने की और संचालन अरुण रावत ने किया। अध्यक्ष अरुण कुमार महालहा व सचिव अभिषेक चौधरी सहित अन्य पदाधिकारियों ने इस आयोजन को सामाजिक एकता का प्रतीक बताया। आभार प्रदर्शन एमएल गौर ने किया।

**विरोध** गौशाला निर्माण को लेकर ग्रामीणों का विरोध

## नगरपालिका पर अनाधिकृत कब्जे का आरोप



**नवभारत न्यूज**

**सिवनी मालवा 19 जनवरी** तहसील के ग्राम कहारिया के दर्जनों ग्रामीणों ने नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित गौशाला निर्माण के विरोध में एवं ग्राम की समस्या समाधान की मांग को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका द्वारा गौचर भूमि पर अनाधिकृत रूप से कब्जा कर गौशाला बनाने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे गांव की मूलभूत आवश्यकताओं और पशुपालन पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम कहारिया में विगत कई वर्षों से खेड़ापति मंदिर एवं ग्राम पंचायत से स्वीकृत आदिवासी भवन से लगा हुआ एक खेल मैदान है। इसके ठीक बाजू में स्थित गौचर की भूमि पर नगर पालिका द्वारा गौशाला निर्माण की तैयारी की जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि यह भूमि नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत नहीं आती, बल्कि ग्राम पंचायत भमेडी देव की सीमा में आती है। इसी गौचर की भूमि पर ग्राम के समस्त पशु वर्षों से चरते आ रहे हैं। ग्रामीणों ने कहा कि यदि चरनोई भूमि पर गौशाला का निर्माण किया गया, तो गांव के पशुओं के लिए चराई की जगह पूरी तरह समाप्त हो जाएगी, जिससे पशुपालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि राजनीतिक रसूख के कारण नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा नियमों को ताक पर रखकर मनमाने ढंग से गौशाला निर्माण का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीणों ने एसडीएम को अवगत कराया कि बारिश के मौसम में इस स्थान पर चार से पांच फीट तक पानी भर जाता है।